एक नजर में

तार बंगला-अफीम गोदाम मार्ग फिलहाल बंद, ट्रैफिक सिग्नल लगने के बाद खोलने का आश्वासन, आंदोलन स्थगित

मंदसौर। शहर के सरदार पटेल चौराहे पर यातायात व्यवस्था में बदलाव के तहत तार बंगला-अफीम गोदाम मार्ग को पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर बंद किए जाने के विरोध में चल रहा आंदोलन बुधवार को प्रशासन से चर्चा के बाद स्थगित हो गया। जानकारी के अनुसार, मार्ग बंद होने से हजारों नागरिकों को हो रही परेशानी को लेकर जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान के नेतृत्व में नागरिकों ने सोमवार से आंदोलन शुरू किया था। आंदोलन के दूसरे दिन प्रतिनिधि मंडल ने आत्मदाह की चेतावनी दी, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया। चर्चा के दौरान एसपी मीणा ने स्पष्ट किया कि यह मार्ग फिलहाल ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बंद किया गया है और वर्तमान में इसे खोलना संभव नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित होने के बाद मार्ग को पुन: आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत हुई।उल्लेखनीय है कि आंदोलन के पहले दिन पुलिस अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने से आंदोलन जारी रहा था। बाद में प्रशासन की ओर से पहल करते हुए समाधान का भरोसा दिया गया, जिसके बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। आंदोलन के समर्थन में जुड़े नागरिकों, व्यापारियों और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए दीपकसिंह चौहान ने कहा कि जनहित के मुद्दे पर सभी ने एकजुटता दिखाई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

मातृत्व और प्रकृति का अनूठा संगम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टकरावद में 'एक पौधा जननी के नाम' अभियान की गूंज

मल्हारगढ़ (मंदसौर)। पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को एक नई दिशा देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टकरावद में एक अत्यंत प्रेरणादायक नवाचार की शुरुआत की गई है। संस्था में कार्यरत फार्मासिस्ट श्री राम प्रसाद धनगर की इस अभिनव पहल ष्एक पौधा जननी के नामष् ने क्षेत्र में एक नई सामाजिक चेतना जागृत की है। 1 जनवरी 2025 से शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले प्रत्येक प्रसव के उपरांत नवजात शिशु की माता के हाथों से एक पौधा रोपा जाता है। यह पहल न केवल पर्यावरण को सहेजने का कार्य कर रही है, बल्कि नवजात शिशु के आगमन को प्रकृति के साथ जो?कर एक चिरस्थायी यादगार में बदल रही है। इस मुहिम की सफलता का अंदा?ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक संस्था परिसर में 51 पौधे लगाए जा चुके हैं। पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में नवजात के परिजनों के साथ स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ भी सक्रिय रूप से सहभागिता करता है। प्रत्येक पौधे को उस नवजात शिशु की पहचान और नाम से जो?ा जाता है, जिससे परिवार के मन में उस पौधे के प्रति एक भावनात्मक लगाव पैदा होता है। इस प्रक्रिया से माताओं को न केवल विशेष सम्मान की अनुभूति होती है, बल्कि वे स्वयं को प्रकृति के संरक्षण का हिस्सा मानकर गौरवान्वित महसूस करती हैं। यह नवाचार केवल परिसर की हरियाली ब?ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके सकारात्मक परिणाम सामाजिक जागरूकता के रूप में भी दिखाई दे रहे हैं। टकरावद क्षेत्र में इस पहल की व्यापक प्रशंसा हो रही है, क्योंकि यह जननी सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे दो महत्वपूर्ण विषयों को एक साथ लेकर चल रही है। श्री राम धनगर के इस छोटे से कदम ने स्वास्थ्य केंद्र को एक हरित केंद्र के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

किसानों के शेड पर व्यापारियों का कब्जा

धूप में उपज बेचने को मजबूर किसान, रविवार तक अतिक्रमण नहीं हटा तो कांग्रेस करेगी आंदोलन

पिपलियामण्डी। एशिया की प्रमुख लहसुन मंडियों में शुमार पिपलिया कृषि उपज मंडी इन दिनों भारी अव्यवस्थाओं से जूझ रही है। किसानों के लिए बनाए गए लहसुन व किराना शेडों पर कुछ व्यापारियों द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते किसान चिलचिलाती धूप में खुले में अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं।

किसानों की सूचना पर बुधवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा मंडी पहुंचे। इस दौरान किसान मोहन चौधरी (गगवाड़ा, बड़नगर) और रशीद खान पठान (कनोरा) सहित अन्य किसानों ने बताया कि सुबह 9:30 बजे से ही वे मंडी में परेशान खड़े रहते हैं। शेड में व्यापारियों का माल भरा होने के कारण उन्हें बाहर ही इंतजार करना पड़ता है, जिससे तेज गर्मी में बीमार होने का खतरा बना रहता है। किसानों ने बताया कि दूर-दराज गांवों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में उपज लेकर आने के बावजूद शेड खाली नहीं मिलते, जिससे मंडी के बाहर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार नंबर आने में एक से दो दिन तक का समय लग जाता है। मजबूरी में किसानों को खुले में ही उपज खाली करनी पड़ती है, जिससे बेमौसम बारिश या तेज धूप के कारण फसल खराब हो जाती है और उन्हें कम दामों में उपज बेचनी पड़ती है। किसान मोहन चौधरी ने कहा कि मंडी प्रशासन यदि शेड से व्यापारियों का कब्जा हटवा दे, तो किसानों को बड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मंडी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के लिए बनाए गए शेडों पर व्यापारियों का अवैध कब्जा प्रशासन की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रविवार तक शेडों से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो कांग्रेसजन मंडी में आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

शर्मा ने यह भी कहा कि मंडी में साफ-सफाई की स्थिति खराब है और गर्मी के मौसम में किसानों के लिए ठंडे पानी तक की समुचित व्यवस्था नहीं है, जबकि किसान मंडी को कर के रूप में बड़ी राशि देते हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता अजीत कुमठ, बाबू खा मेवाती, अनिल मुलासिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडी सचिव जगदीशचंद भामर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कब्जा करने वाले व्यापारियों को नोटिस जारी कर उनके द्वारा रखी गई उपज हटाना शुरू कर दिया है। बरसात नजदीक है ऐसे में किसानों को किसी तरह की परेशानी नही होने दी जायेगी, शीघ्र ही सभी कब्जे को हटा दिया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत 9 मई को होगी आयोजित

मंदसौर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के मार्गदर्शन में 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए अनीष कुमार मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मंदसौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार-रथ को रवाना किया गया।

प्रचार-रथ के माध्यम से जिले के सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर आमजन को नेशनल लोक अदालत के आयोजन, उसकी उपयोगिता एवं लाभों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण प्रकरण, विद्युत बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण तथा अन्य सिविल प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सरल निराकरण किया जाता है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न केवल समय एवं धन की बचत होती है, बल्कि पक्षकारों के मध्य आपसी सौहार्द भी बना रहता है। अत: आमजन से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

क्रमोन्नति प्रक्रिया की जटिलता से शिक्षक परेशान, सरलीकरण करने की उठी मांग

मंदसौर। मंदसौर जिले के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ओर से मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के नव-नियुक्त अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा (उज्जैन) को बधाई देते हुए एक महत्वपूर्ण मांग शासन के समक्ष रखी गई है।

शिक्षाविद असअद अंसारी ने बताया कि शासन द्वारा पूर्व में शिक्षकों को 12, 24 एवं 30 वर्ष की क्रमोन्नति प्रदान की जाती रही है, जबकि वर्तमान में 35 वर्ष की क्रमोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। किंतु इस प्रक्रिया में अनावश्यक जटिलताएँ उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने बताया कि 30 वर्ष की क्रमोन्नति के समय शिक्षकों से सेवा पुस्तिका के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की प्रतियों के साथ 12 एवं 24 वर्ष की क्रमोन्नति के आदेश भी जमा कराए गए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर ही 30 वर्ष की क्रमोन्नति स्वीकृत की गई थी।

वर्तमान में सेवा पुस्तिकाओं का डिजिटलीकरण भी हो चुका है, इसके बावजूद पुन: वही सभी पुराने दस्तावेज मांगे जाना न केवल अव्यावहारिक है बल्कि शिक्षकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने वाला भी है। प्रेस नोट में यह भी सवाल उठाया गया है कि जब 30 वर्ष की क्रमोन्नति आदेश विभागीय अभिलेखों में उपलब्ध है, तो उसी को आधार मानकर 35 वर्ष की क्रमोन्नति क्यों नहीं दी जा सकती। बार-बार पुराने आदेशों की मांग से प्रक्रिया जटिल एवं समयसाध्य बन रही है।असअद अंसारी ने मांग की है कि अध्यक्ष महोदय इस विषय को माननीय शिक्षामंत्री के संज्ञान में लाकर शासन स्तर पर निर्देश जारी करवाएं, ताकि 35 वर्ष की क्रमोन्नति के लिए केवल 30 वर्ष की क्रमोन्नति आदेश को ही पर्याप्त माना जाए।उन्होंने कहा कि यदि प्रक्रिया को सरल बनाया जाता है, तो इससे न केवल शिक्षकों को राहत मिलेगी बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली भी सुगम होगी।

एक नजर | **टीबी जांच और जागरूकता फैलाने पर दिया विशेष जोर**

ग्राम कवला में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

मंदसौर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवला में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वर्ग, विशेषकर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं टीबी (क्षय रोग) जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान करना रहा।

शिविर के दौरान टीबी जागरूकता अभियान अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणों को टीबी शपथ दिलाई गई। ब्लॉक भानपुरा के टीबीएचवी देवेंद्र तिवारी द्वारा ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुए इसके प्रमुख लक्षणों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लगातार कई दिनों तक खांसी आना, भूख न लगना, वजन में कमी होना, रात में पसीना आना तथा बुखार बने रहना टीबी के संभावित लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी एक पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम जांच में पॉजिटिव आने पर 6 माह तक नियमित उपचार से मरीज पूर्णत: स्वस्थ हो सकता है। साथ ही शासन द्वारा मरीजों को उपचार अवधि के दौरान प्रति माह 1000 रुपये की पोषण सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। शिविर में आए नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें टीबी स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे के माध्यम से संदिग्ध एवं पूर्व उपचाररत मरीजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त शर्करा एवं बीएमआई सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए।

नीमच

एक नजर में

मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण के लिए ग्राम सभा की तिथि में संशोधन

नीमच। उपसचिव मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के पत्र एवं संचालक म.प्र. स्टेट सामाजिक संपरीक्षा समिति भोपाल दिनांक 27 अप्रैल 2026 के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच श्री अमन वैष्णव द्वारा शुद्धि पत्र जारी किया गया है। सामाजिक अंकेक्षण : वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा अंतर्गत किए गए निर्माण कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में किया जाना है। त्रस्स्गठन : सामाजिक अंकेक्षण के लिए ग्राम संपरीक्षा समिति (त्रस्स) का गठन जनपद पंचायत नीमच/जावद/मनासा की समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाना है। तिथि में संशोधन : इस हेतु जिला पंचायत कार्यालय के आदेश दिनांक 05 मई 2026 में अंकित विशेष ग्राम सभा की तिथि 12 अप्रैल 2026 के स्थान पर 12 मई 2026 पढ़ी जाए। समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीमच, जावद, मनासा एवं संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित तिथि 12 मई 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ग्राम संपरीक्षा समिति (त्रस्स) का गठन सुनिश्चित करें तथा मनरेगा कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कराएं।

जगदीश नागदा विप्र सेना नीमच जिला मंत्री नियुक्त



नीमच। समाज में शिक्षा संस्कार के माध्यम से सामाजिक एकता स्थापित करने के उद्देश्य से विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवारी व मध्य प्रदेश प्रभारी सुनील शर्मा के निर्देशन में नीमच जिले के रेवली देवली ग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश पिता चतुर्भुज नागदा को उनकी सामाजिक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए विप्र सेना जिला इकाई में जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया और समाज विकास को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सेवा के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए सकारात्मक ऊर्जा से कार्य करने के निर्देश प्रदान किये।

रामपुरा में लखेरा समाज का महाकुंभ कल से दो दिवसीय 37वां चैना माता-कुशला माता भव्य उत्सव

रामपुरा। नगर के सकल लक्षकार (लखेरा) पंच एवं श्री पशुपतिनाथ चैना माता-कुशला माता मंदिर व्यवस्था समिति के तत्वावधान में आगामी 8 और 9 मई 2026 को समाज का विशाल दो दिवसीय 'महाकुंभ' आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 37वें वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। उत्सव के प्रथम दिन, 8 मई (शुक्रवार) को धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला शुरू होगी। शाम 5 :00 बजे सिंगाड़ा गली स्थित प्राचीन राम मंदिर से भगवान ठाकुर जी की भव्य बारात (तुलसी विवाह) गाजे-बाजे के साथ प्रस्थान करेगी। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जब यह बारात रामपुरा नाका स्थित चैना-कुशला माता मंदिर पहुँचेगी, तो वहां समाज जनों द्वारा बारात का अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। प्रथम दिन की रात्रि को धर्म की गंगा बहेगी। रात्रि 8 :00 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान भगवान ठाकुर जी को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग लगाया जाएगा, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। उत्सव के दूसरे दिन, 9 मई (शनिवार) को सुबह 8 :00 बजे से मंदिर प्रांगण में बोलियों का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात एक भव्य चल समारोह (जुलूस) निकाला जाएगा। यह जुलूस रामपुरा के नाका नंबर 2 से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुन: मंदिर प्रांगण पर समाप्त होगा। उसके बाद मंदिर परिसर में ठाकुरजी एवं तुलसीजी का विवाह संपन्न होगा। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाज ने शिक्षा को प्रोत्साहन देने का भी संकल्प लिया है। इस अवसर पर विशेष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

शाजापुर में आंदोलन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग



रतनगढ़। डाक बंगला रतनगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ता की मीटिंग में चंद्रशेखर शर्मा प्रभारी के साथ उपस्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यनारायण पाटीदार अल्पसंख्या के जिला अध्यक्ष हिदायत अल्लाह जिला सेवादल अध्यक्ष गजेंद्र यादव जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनु बना जिला महिला अध्यक्ष कांग्रेस आशा सांभर जिला अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष राकेश जावेरिया सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अतिथियों का समस्त पदाधिकारी ने समाज जनों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफा एवं माला पहनकर स्वागत किया प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहां है कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान किसानों पर हो रहे अत्याचार एवं गेहूं खरीदी में अनियमित एवं भुगतान में अनियमित के खिलाफ उज्जैन शाजापुर में विशाल आंदोलन एवं चक्का जाम रखा गया है जिसको ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचकर सफल बनावे एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यनारायण पाटीदार व मोर्चा संगठन के अध्यक्षों के अपने उद्बोधन में आह्वान किया है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचकर चक्का जाम एवं आंदोलन को सफल बनावे जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती के कार्यक्रम की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने के बावजूद कार्यकर्ताओं को संदेश के माध्यम से बताया की प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर किसान विरोधी सरकार के खिलाफ चक्का जाम के कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनावे कार्यक्रम संचालन करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंभू भाई चारण ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है कि प्रदेश की जन विरोधी निकम्मी सरकार के खिलाफ चक्का जाम एवं आंदोलन के कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनावे कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार नगर कांग्रेस अध्यक्ष लखन भाटी द्वारा किया गया।

जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष द्वारा जिला महामंत्री जाहिद अंसारी को भी नियुक्त पत्र दिया गया ब्लॉक अल्पसंख्यक अध्यक्ष राजू भाई पठान मंडलम अध्यक्ष हेमराज गुर्जर मंडलम अध्यक्ष निसार भाई अब्बासी मंडलम अध्यक्ष जगदीश मेघवाल डीकेन नगर अध्यक्ष कुशब कुमावत सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शंभू दान चारण शहर सदर रतनगढ़ सदर मुबारक भाई पठान सदर आरिफ अब्बासी पूर्व पार्षद भंवर सोलंकी नबी कर भंवरलाल मारू भगवान लाल वर्मा बृजमोहन वैष्णव मेघराज सोनी जाहिद अंसारी जगदीश सेन जाहिद पठान हामिद भाई मंसूरी अंबालाल पाटीदार अर्जुन गुर्जर जनपद सदस्य नंदलाल गुर्जर ग्राम अध्यक्ष ताहिर राव बोहरा जिला अल्पसंख्यक नेता मलकीत सरदार ब्लॉक युवक अध्यक्ष अंकित शर्मा युवा कांग्रेस तहसील उपाध्यक्ष कमल छपरीबन्द युवा नेता परवेज अब्बासी नासिर खान शफीक खान आजाद शाह कादीर खान पार्षद लक्ष्मी नारायण सोलंकी भास्कर सोलंकी राहुल छतरी बंद गोलू छपरीबन कौशल छपरीबन ऋतिक छतरी बंद रोहित छपरीबन बाबा छपरीबन जगदीश वर्मा किशन लाल वर्मा पूर्व पार्षद लीलाबाई वर्मा अर्जुन धाकड़ तेजमल गंधर्व शुभम सोनी प्रदीप तिवारी ईश्वर व्यास ठाकुर भूपेंद्र सिंह खलील भाई अब्बासी गुड्डु भाई अब्बासी प्रकाश शर्मा अब्दुल जब्बार अब्बासी आबिद हुसैन अकरम अब्बासी सलमान अब्बासी रईस भाई अब्बासी युसूफ भाई अब्बासी आदि कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

9 मई को जिला-तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

चेक बाउंस, बैंक वसूली, वैवाहिक विवाद,बिजली-पानी-सम्पत्ति कर के प्रकरणों में मिलेगी विशेष छूट

नीमच। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय नीमच तथा तहसील न्यायालय मनासा एवं जावद में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के निर्देशन में किया जा रहा है।

लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरण: उक्त लोक अदालत में चेक बाउंस (धारा 138 एन.आई. एक्ट), बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक/पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, विद्युत संबंधी प्रकरण, जलकर एवं संपत्ति कर संबंधी प्रकरण, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, वाहन चालान तथा अन्य प्री-लिटिगेशन एवं लंबित सिविल प्रकरण रखे जा रहे हैं।

विशेष छूट का प्रावधान: सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच श्रीमती शोभना मीणा ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार की विशेष छूट का प्रावधान है:

चेक बाउंस प्रकरण: समझौते का विशेष प्रावधान। बैंक संबंधी प्रकरणों में भी नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

नगर पालिका संपत्ति कर: कर तथा अधिभार की राशि 50,000 तक होने पर अधिभार राशि में 100% की छूट। 50,000 से 1,00,000 तक की राशि पर अधिभार में 50% की छूट। 1,00,000 से अधिक राशि होने पर अधिभार पर 25% की छूट।

जल प्रभार के प्रकरण: 10,000 तक बकाया होने पर अधिभार में 100% की छूट। 10,000 से 50,000 तक होने पर अधिभार में 75% तक की छूट। 50,000 से अधिक बकाया होने पर अधिभार में 50% की छूट।

बिजली संबंधी मामले: न्यायालय में लंबित प्रकरण: सिविल दायित्व की राशि पर 20% तथा ब्याज राशि पर 100% तक की छूट। प्री-लिटिगेशन प्रकरण: सिविल दायित्व की राशि पर 30% तथा ब्याज पर 100% तक की छूट प्रदान की जाएगी।

एक नजर | **ग्राम शिवपुरिया में ग्रामीणों से संवाद कर जल गंगा संवर्धन में जनभागीदारी, गायों को खिलाया घास, बछड़ों को किया दुलार**

कलेक्टर चंद्रा ने टामोटी में रात्रि विश्राम कर किया पानी व्यवस्था का निरीक्षण

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम टामोटी में रात्रि चौपाल एवं जल चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद टामोटी में ही रात्रि विश्राम किया। छात्रावास भवन में अधिकारियों के दल के साथ रात गुजारने के बाद बुधवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही कलेक्टर ने टामोटी क्षेत्र के गांवों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण कार्यों के स्थल का मौके पर निरीक्षण किया।

ग्राम शिवपुरिया में संवाद:कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम शिवपुरिया पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और अधिक से अधिक जल संरचनाओं का जन सहयोग से निर्माण करने की समझाइश दी।

अरावली गौशाला में गौ-सेवा: बुधवार को सुबह कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा टामोटी के समीप पहाड़ी पर स्थित अरावली गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गायों को अपने हाथों से गो-ग्रास व चारा खिलाया और गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने गौशाला में उपलब्ध गायों, उनकी देखभाल की व्यवस्था, पशु चारा व पशु आहार की व्यवस्था, पशुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने गाय के बछड़ों को गोद में उठाकर उन्हें दुलार भी किया। गौशाला की समिति सदस्यों ने कलेक्टर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को टामोटी की रात्रि चौपाल में गौशाला संचालक समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से भेंट कर, राजस्व गांव अमेरी जहां पर रजिस्टर्ड अरावली गौशाला संचालित होती है, वहां पर 24 घंटे विद्युत सप्लाई नहीं होने से ग्राम वासियों ने आवेदन देकर 24 घंटे विद्युत लाईन से गांव को जोड़ने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे।

उपस्थित अधिकारी: इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश एवं एसडीएम सुश्री किरण आंजना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।